


साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | R. No.: **MAH-HIN-10169**



वर्ष : 2 | अंक : 08 — गोंदिया : गुरुवार, 30 सितम्बर से 6 अक्टूबर 2021 — पृष्ठ : 4 — मूल्य : रु. 5

# पैसा मिलने पर दिखाया जाएगा बच्चे का चेहरा

## शासकीय महिला चिकित्सालय में कर्मचारियों की मनमानी । शिकायत करने पर मरीज के परिजनों को दी जाती धमकी



गोंदिया का शासकीय महिला चिकित्सालय, बाई गंगाबाई महिला चिकित्सालय (बीजीडब्लू) हमेशा अपनी कार्यप्रणाली के चलते विवादों में बना रहता है। महिला चिकित्सालय में डिलीवरी होने के पश्चात कर्मचारियों द्वारा महिला के परिजनों से बच्चा दिखाने व देने के नाम पर मनमाने पैसों की मांग की जाती है। पैसा नहीं मिलने पर मरीज के साथ अभद्र व्यवहार करने के साथ ही शिकायत किए जाने पर मरीज के परिजनों को मरीज की फाइल फाड़ने तथा उचित तरीके से उपचार न कर जल्द हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर देने की धमकी दी जाती है।

इसी प्रकार का एक मामला २६ सितंबर को सामने आया। गोंदिया जिले के सालेकसा तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम बोरी निवासी गर्भवती महिला राखी हेमंत बसोने (२१) को प्रसूति के लिए २५ सितंबर की शाम दाखिल कराया गया था। जिसकी २६ सितंबर की सुबह ८.३६ पर प्रसुति हुई। उसने एक बच्ची को जन्म दिया। जिसके पश्चात कार्यरत नर्स व मेडिकल स्टाफ द्वारा महिला के परिजनों से बच्चा दिखाने के लिए ७०० रुपये की मांग की गई। जब प्रसूता महिला की सास रामशिला सुखदास बसोने ने पैसे देने से मना किया तो उसे मरीज की फाइल फाड़ कर फेकने की धमकी देने के साथ ही बिना उपचार के जल्द ही हॉस्पिटल से डिस्चार्ज करने की धमकी दी गई। इसके पश्चात भी मामला यहीं नहीं थमा। जब प्रसूता महिला को स्ट्रेचर से वार्ड में ले जाने के लिए कर्मचारी आया, तो उसने भी महिला को स्ट्रेचर पर ले जाने के नाम पर २०० रुपये की मांग की।

उल्लेखनीय है कि इस प्रकार के मामले प्रतिदिन महिला चिकित्सालय में होते रहते हैं। लेकिन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले ग्रामीण नागरिकों द्वारा चिकित्सालय स्टाफ की तानाशाही का शिकार होकर मजबूरन पैसे देने पड़ते हैं। जो गरीब व्यक्ति इन्हें पैसे नहीं देता उसके साथ दुर्व्यवहार किया जाता। यदि पुत्र हुआ तो इनकी डिमांड और अधिक बढ़ जाती है। विशेष यह है कि जब महिला मरीज के साथ आयी



**रमशिला बसोने**, प्रसूता की सास

आशावर्कर ने भी पैसे देने से मना किया गया तो महिला चिकित्सालय के कर्मचारियों द्वारा ग्राम बोरी की आशावर्कर गीता धामडे के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया तथा भविष्य में मरीजों को यहां नहीं लाने की धमकी दी गई।

अब यह देखना यह है कि महिला चिकित्सालय में इस प्रकार की अवैध वसूली पर वरिष्ठ अधिकारी किस प्रकार नियंत्रण कर कार्रवाई करते हैं? वरिष्ठ अधिकारी कार्रवाई कर भी पाएंगे या नहीं इस पर भी प्रश्नचिन्ह निर्ताण हो रहा है। क्योंकि यदि कोई वरिष्ठ अधिकारी इन पर कार्रवाई करना चाहता है तो स्टाफ युनियन, संगठन के माध्यम से आंदोलन की धमकी दी जाती है। जिससे मजबुर होकर वरिष्ठ अधिकारी इन पर कार्रवाई नहीं कर पाते।

### मरीज के परिजन कहां और कैसे करें शिकायत?

शासकीय महिला चिकित्सालय में प्रसूति व अन्य उपचार के लिए आने वाली महिला मरीजों के परिजनों को जब वार्ड के कर्मचारियों, नर्सिंग स्टाफ द्वारा विभिन्न तरीके से परेशान कर पैसे की मांग की जाती है। तो इस संदर्भ में वह शिकायत कहां और किससे करें यह विकट प्रश्न उनके सामने है। क्योंकि यहां पर उपचार के लिए आने वाला गरीब व्यक्ति शिकायत करने के पश्चात संबंधित दोषी कर्मचारियों द्वारा की जाने वाली प्रताड़ना से त्रस्त होकर निजी चिकित्सालय में महंगा उपचार नहीं करवा पाता। जिसके चलते इनकी मनमानी दिन प्रतिदिन बढ़ने लगी है। साथ ही इस प्रकार के मामले सामने आने पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी लिखित में शिकायत की मांग की जाती है। जो ग्रामीण क्षेत्र से आने वाला मरीज नहीं कर पाता। जिससे भी इनके हौसले बुलंद हो रहे हैं।

### लिखित शिकायत मिलने पर की जाएगी कार्रवाई

चिकित्सालय में मरीजों व उनके परिजनों से बच्चा देने या दिखाने के नाम पर पैसों की मांग की गयी, ऐसी कोई शिकायत हमें अभी तक मिली नहीं है। उक्त मामले में लिखित शिकायत प्राप्त होने पर जांच कर संबंधित दोषी कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाएंगी ।

– **डॉ.सागर सोनारे**, अधीक्षक
शासकीय महिला चिकित्सालय, गोंदिया

### पैसे के लिए मना करने पर दी धमकी

मेरी बहु राखी बसोने को प्रसुति के लिये यहां लाया गया। बच्ची के लम्प के बाद यहां के कर्मचारियों ने बच्ची दिखाने के नाम पर मुझसे पैसे मांगे। जब मैंने पैसे देने से मना किया तो मरीज की फाइल फाड़कर फेंकने, मरीज को मारने तथा बिना इलाज के जल्द ही डिस्चार्ज करने की धमकी दी।

– **रमशिला बसोने**, प्रसूता की सास

### दोषियों पर की जाएंगी कड़ी कार्रवाई

महिला चिकित्सालय में मरीजों के परिजनों से पैसे मांगने के मामले की जांच की जा रही है। जिसमें दोषी कर्मचारियों पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही भविष्य में यदि कोई कर्मचारी पैसे की मांग करता है, तो उसकी लिखित में शिकायत दी जाए। जिससे जांच में सहायता होने के साथ ही दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की जा सके।

– **डॉ.अपूर्व पावडे**, डीन
शासकीय मेडिकल कॉलेज, गोंदिया

### डीन ने किया निरीक्षण, मामले की जांच शुरु

शासकीय महिला चिकित्सालय बीजीडब्ल्यू में पैसा मिलने पर बच्चा दिखाए जाने के मामले में प्रसूता महिला राखी हेमंत बसोने की सास रामशिला सुखदास बसोने ने लिखित शिकायत शासकीय मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अपूर्व पावडे से की थी। जिसके पश्चात डीन ने महिला चिकित्सालय में पहुंचकर निरीक्षण कर, मामले की जांच शुरु की है। जिसमें प्राप्त जानकारी के अनुसार पैसे की मांग करने वाले संबंधित दोषी कर्मचारियों की पहचान हो चुकी है। जिसके चलते जल्द ही विभागीय जांच कर दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई किए जाने की संभावना दिखायी देती है।

# कृषि अधिकारी ने कापसी धार पक्षी को दिया जीवनदान



**संवाददाता** – अर्जुनी मोरगांव तहसील के कृषि अधिकारी कार्यालय में कार्यरत अधिकारी द्वारा धार प्रजाति के कापसी धार पक्षी को जीवनदान दिया गया। कृषि सहायक यशवंत कुंभरे व कृषि पर्यवेक्षक मुनेश्वर कठाने माहुरकूड़ा से कार्यालय का काम निपटा कर वापस आ रहे थे। इसी दौरान नीलज मार्ग पर एक अनजान पक्षी रस्ते में जख्मी अवस्था में दिखाई दिया। जिस पर कृषि अधिकारी का पक्षी प्रेम जागृत हुआ तथा उन्होंने जख्मी पक्षी को उठाकर पशुवैद्यकीय चिकित्सालय में दाखिल किया। पशुधन अधिकारी सुखदेव राऊत द्वारा उपरोक्त पक्षी की जांच कर बताया गया कि वाहन की टक्कर से उपरोक्त पक्षी जख्मी हुआ है। उसका उपचार कर उसे सुरक्षित रुप से जंगल में छोड़ा गया।

यह पक्षी कपसी धार होने के साथ ही धार प्रजाति का है। इसका शास्त्रीय नाम इलेनस शेरुलअस है तथा यह मध्यम शुष्क प्रदेश में मिलने वाला पक्षी है, जो दिन में शिकार करता है। इसका मराठी में नाम चचान अथवा पांजरा के रुप में जाना जाता है। उपरोक्त पक्षी की धारियां समान होती है तथा दबंग पूछ के चलते इसकी गणना धार परिवार में की जाती है। जिसके काले पंख होने के चलते इसे साधारण रुप से पहचाना जाता है। यह पक्षी अपने आकार में कौवे से थोड़ा छोटा होता है तथा इसका ऊपरी रंग हल्का काला तथा नीचे का रंग सफेद तथा आंखों पर काली रेखाएं तथा कंधे पर सफेद दाग होते हैं। इसका मुख्य रुप से खाद्य पदार्थ सांप, चूहे, घूस तथा कीट है। यह आकाश में एक ही स्थान पर स्थिर होकर शिकार पर नजर रखकर शिकार करता है ऐसी जानकारी पक्षी मित्र अजय राऊत द्वारा दी गई है।

# शिक्षा बचाओ आंदोलन

## पालक समिति की कार्यशाला आयोजित

**गोंदिया** – शिक्षा के निजीकरण के चलते पलकों की लूट को रोकने व उनके अधिकारों के प्रति जागृत करने तथा देश के शिक्षा कानूनों की जानकारी देने जिसमें बच्चों को निशुल्क व अन्य अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम वह विभिन्न विषयों को लेकर शिक्षा बचाओ आंदोलन समिति का एक दिवसीय कार्यशाला अग्रसेन भवन में आयोजित की गई थी। इस अवसर पर प्रमुख मार्गदर्शक के रुप में नागपुर विश्ववि।ालय सीनेट सदस्य प्रवीण उदापुरे ने मार्गदर्शन करते हुए बालकों के अधिकार के संदर्भ में जानकारी दी तथा निजी शालाओं सीबीएसई स्कूलों के नाम पर होने वाली लूट का विरोध करने के लिए पलकों को एकजुट होकर सामने आकर विरोध करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में विदर्भ पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने भी मार्गदर्शन करते हुए कहा कि सीबीएसई स्कूलों की मनमानी व व्यापारीकरण के चलते पालक आंदोलन का महत्व बढ़ गया है। यदि जागरुक होकर पालक इसका विरोध करता है तो निश्चित रुप से निजी शिक्षण संस्थाओं द्वारा होने वाली लूट पर काफी हद तक नियंत्रण किया जा सकता है। मुंबई से आए टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंस से एम.एस. अहर्ता प्राप्त इंजीनियर जय डोंगरे ने पीटीए समिति कानून और स्कूल फीस निर्धारण के संदर्भ में पालकों के अधिकार विषय पर विस्तृत मार्गदर्शन किया।

उपरोक्त कार्यशाला की अध्यक्षता पालक एसोसिएशन गोंदिया जिला अध्यक्ष वैशाली खोबरागडे ने किया। इस अवसर पर नितिन नायडू, हर्ष अग्रवाल, प्रवीण मानापुरे, अरविंदर भाटिया, किशोर रामटेके, राजेंद्र ठाकुर, कमलेश गौतम, लीलाधर बनसोडे, नोकलाल कटरे तथा पालक एसोसिएशन गोंदिया जिले के सभी गणमान्य पदाधिकारी व सदस्य शिक्षक, प्रोफ़ेसर, एडवोकेट, पत्रकार व शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले गोंदिया के नागरिक उपस्थित थे।

## पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस दल पर हमला

गोंदिया शहर व आसपास के परिसर में अपराधों पर नियंत्रण पाने के लिए पुलिस दल द्वारा मार्शल पेट्रोलिंग की जाती है। जब मार्शल पेट्रोलिंग का दल गोंदिया ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले कारंजा बायपास फूलचूर स्थित योती ढाबे में रात ११ बजे के दौरान पहुंची तो वहां पर कुछ लोग विवाद करते हुए दिखाई दिए। जिन्हें पुलिस दल द्वारा समझाए जाने पर आरोपियों द्वारा पुलिस दल पर ही हमला कर मारपीट की गयी। उक्त मामले में फरियादी पुलिस सिपाही जाधव की लिखित शिकायत पर गोंदिया ग्रामीण पुलिस थाने में ७ आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

# दिव्या गुंडे यूपीएससी परीक्षा में उत्तीर्ण



गोंदिया जिले की महिला जिलाधिकारी नयना गुंडे की पुत्री कु.दिव्या गुंडे यूपीएससी परीक्षा में उत्तीर्ण हुई है। उन्हें ३३८ रैंक प्राप्त हुआ। दिव्या गुंडे ने अक्टूबर २०२० में केंद्रीय लोक सेवा आयोग की परीक्षा दी थी। जिसके पश्चात २१ सितंबर २०२१ को दिल्ली में साक्षात्कार दिया था। जिसके परिणाम २४ सितंबर को घोषित किए गए तथा उन्हें आगामी कुछ दिनों में केंद्रीय लोकसेवा आयोग के माध्यम से नियुक्ति प्राप्त होंगी।

प्रशासकीय स्तर पर उपरोक्त समाचार मिलते ही अपर जिलाधिकारी राजेश खवलें द्वारा दिव्या गुंडे को पुष्पगुच्छ देकर तथा जिलाधिकारी नयना गुंडे का अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपविभागीय अधिकारी गोंदिया विश्वास सिरसाट, तहसीलदार आदेश डफर, अपर तहसीलदार अनिल खड़तकर, नप मुख्याधिकारी करण चौहान, आकाश चौहान, किशोर राठौड़ व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। दिव्या गुंडे ने यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण होने पर इसका श्रेय माता जिलाधिकारी नयना गुंडे व पिता अर्जुन गुंडे अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी नासिक को दिया तथा सफलता के लिए शिक्षक व मार्गदर्शकों का महत्वपूर्ण योगदान मिला ऐसा उन्होंने कहा। यूपीएससी परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर जिलाधिकारी कार्यालय गोंदिया तथा जिले के सर्व अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा दिव्या गुंडे व जिला अधिकारी नयना गुंडे का अभिनंदन किया गया।

# नक्सली क्षेत्र के छात्रों के लिए वरदान बनी चावड़ी स्कूल

## नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में छात्रों के लिए गृहपाल की अभिनव पहल



**देवेंद्र सेलोकर, देवरी** – बच्चे हमारे समाज की रीढ़ हैं। बच्चों का विकास हमारे समाज का या हमारे देश का भी विकास है। ऐसे समय में जब कोरोना महामारी के कारण स्कूल बंद हैं और बच्चे स्कूल से बाहर हैं। और शिक्षा की मुख्यधारा से बाहर हैं, आदिवासी विकास के किशोर देशकर अपनी पत्नी और दोस्त के साथ पिछले साल से ज्ञान प्रदान करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे है।

**छात्रों के लिए ये हैं सीख**

नक्सल प्रभावित और आदिवासी बहुल क्षेत्र में छात्रों को प्रतिदिन शैक्षिक मार्गदर्शन, खेल, व्यायाम, योग, प्राणायाम और गपशप, महापुरुषों के चरित्र, प्रार्थना, प्रकृति की उपस्थिति में भजन आरती की जाती है।

छात्रों ने देशकर के मार्गदर्शन में श्रीराम मंदिर क्षेत्र में पेड़ भी लगाए हैं। इस नक्सल प्रभावित और आदिवासी बहुल क्षेत्र में छात्रों को नशामुक्ति, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर भी पाठ पढ़ाया जाता है।

स्थानीय लोगों ने इस पहल को अच्छी दी प्रतिक्रिया देशकर ने पिछले साल से चावड़ी स्कूली बच्चों और उनके माता-पिता की मदद से **स्कूल ऑन चावड़ी** नामक एक अभिनव पहल शुरु की है। ताकि चावड़ी स्कूल का यह अभिनव प्रयोग न केवल अपने जिले में बल्कि देश में भी पहुंच सके और कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न हो। **प्रोजेक्ट अर्थ रेस्क्यू** के तहत पक्षियों के लिए घोंसलों और पानी की भी व्यवस्था की गई है ताकि मिडिल स्कूल के छात्र अपने जानवरों और पक्षियों के बारे में जागरुक हो सकें।

किशोर देशकर और उनके सहयोगियों ने हम सभी को इस देश के काम में भाग लेने और सहयोग करने का आव्हान किया है ताकि शिक्षा का प्रवाह बाधित न हो।

## संपादकिय

# जाति जनगणना की उलझनें

महाराष्ट्र सरकार की ओर से दायर की गई याचिका के जवाब में केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर करते हुए स्पष्ट कर दिया कि वह २०२१ की जनगणना में अनुसूचित जाति और जनजाति के अलावा किसी भी जाति से संबंधित सूचनाएं इकट्ठा करने के पक्ष में नहीं है। केंद्र सरकार के इस रुख पर अब राज्य सरकारें अपना पक्ष रखेंगी और फिर अदालत तमाम पहलुओं पर विचार करते हुए कोई फैसला देगी, लेकिन इस हलफनामे से इस मसले पर केंद्र सरकार का रुख पूरी तरह साफ हो गया।

हालांकि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने २० जुलाई को लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में बता दिया था कि भारत सरकार ने जनगणना में एससीध्एसटी के अलावा अन्य जातियों को न गिनने का नीतिगत निर्णय लिया है। लेकिन इसके बाद २३ अगस्त को बिहार के मुख्यमंत्रियों की अगुआई में विभिन्न दलों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिला और उनसे जाति आधारित जनगणना करवाने की अपील की। प्रधानमंत्री ने इस प्रतिनिधिमंडल को अपनी तरफ से कोई आश्वासन नहीं दिया, लेकिन न केवल बीजेपी नेताओं ने प्रतिनिधिमंडल की मांग से सहमति जताई बल्कि पार्टी ने इसमें अपना एक नुमाइंदा भी भेजा। इसलिए यह संभावना जताई जाने लगी थी कि अब इस मसले पर सरकार के रुख में थोड़ी नरमी दिखेगी।

बहरहाल, सरकार के इस हलफनामे में जहां एक तरफ नीतिगत रवैये की बात कही गई है, वहीं दूसरी तरफ जातिगत जनगणना की राह में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयां भी गिनाई गई हैं। नीति के सवाल पर इसमें कहा गया है कि भारत सरकार ने १९५१ में आजादी के बाद पहली जनगणना के वक्त ही यह तय कर लिया था कि एससी और एसटी के अलावा अन्य जातियों से संबंधित सूचनाओं को जनगणना का हिस्सा नहीं बनाया जाएगा। मगर जब यह नीति बनाई गई थी, तब एससी/एसटी के अलावा किसी और जाति के लिए आरक्षण की व्यवस्था नहीं थी। अब जब ओबीसी आरक्षण को तीन दशक हो चुके हैं और उसके फायदों की ढंग से समीक्षा करने की जरुरत महसूस हो रही है तो फिर १९५१ के नीतिगत फैसले का हवाला देना तर्कसंगत नहीं माना जा सकता।

जहां तक व्यावहारिक दिक्कतों की बात है तो सरकार की इस बात में दम है कि जाति, गोत्र, उपजाति से संबंधित उलझनें इस काम को अत्यधिक कठिन बना देती हैं। इन्हीं उलझनों की वजह से २०११ की जनगणना के दौरान जुटाए गए आंकड़ों में इतनी गलतियां पाई गई कि उन्हें इस्तेमाल के लायक भी नहीं माना जा सका। मगर चाहे जितनी भी गंभीर हों, गलतियों को किसी फैसले या नीति का आधार नहीं बनाया जा सकता। कोशिश हमेशा गलतियों को दुरुस्त करके आगे बढ़ने की होती है, गलतियों का वास्ता देकर किसी काम को टालना कोई विकल्प नहीं होता। मौजूदा मामले में भी सरकार के प्रयासों की दिशा जातियों से संबंधित उलझनों को दूर करने और सही व प्रामाणिक सूचनाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने की ही होनी चाहिए।

# नगर परिषद मालकियत की भूमि का खुला विकास का मार्ग

## वर्षों पूर्व खरीदी जमीन का शासकीय रिकॉर्ड में दर्ज हुआ नाम

गोंदिया नगर परिषद द्वारा शहर में विभिन्न विकास कार्यों के लिए आरक्षित कर वर्षों पूर्व अनेकों जमीने खरीदी गई थी। लेकिन इतने वर्षों तक जमीनों की ओर अनदेखी होने के चलते राजस्व विभाग में नगर परिषद का नाम दस्तावेजों में नहीं चढ पाया था। यह गंभीर विषय नगर रचना विभाग के सभापति बनते ही जितेंद्र पंचबुद्धे द्वारा प्राथमिकता देते हुए नगर परिषद के मालिकयत की जमीनों के संदर्भ में प्रयास कर राजस्व विभाग के भूमि अभिलेख विभाग के दस्तावेजों में नाम दर्ज करवाया। इसके अलावा अन्य भूमि जो विवादित तथा नापजोक में तहसील भूमि अभिलेख द्वारा गड़बड़ी कर कम दर्ज की गई थी, के संदर्भ में भी नगर परिषद के माध्यम से आवेदन देकर फिर से नापजोक की जा रही है।

वर्तमान में शहर मे करोड़ों रुपए की जमीन जो नगर परिषद के मालकियत की होने के साथ ही विभिन्न प्रयोजनों के उद्देश्य से आरक्षित की गई थी जिसमें आरक्षण क्रमांक एन-२० प्राथमिक स्कूल के लिए कुडवा तथा गोंदिया बुर्ज के अंतर्गत आने वाली आरक्षण क्रमांक एन-१० जो खेल के मैदान के लिए आरक्षित थी। उपरोक्त भूमि का अब तक सातबारा पटवारी अभिलेख में फेरफार नहीं हुआ था। जिसका फेरफार कर नगर परिषद के नाम से दर्ज करवाया गया।

आरक्षण क्रमांक एन-७० गोंदिया बुर्ज के अंतर्गत आने वाली ०.७६ हेक्टेयर भूमि प्राथमिक स्कूल के लिए आरक्षित थी। जिसका भी सातबारा में नाम दर्ज करवा कर जल्द ही आरक्षित भूमि का विकास कार्य शुरु किया जाएगा। सूर्याटोला पानी टंकी मौजा कुड़वा स्थित ०.६५ हेक्टेयर आर जगह का भी विकास कर परिसर के नागरिकों के लिए बगीचे का नियोजन कर विकास की प्रवाह में लाने का कार्य शुरु किया गया है। टीबी टोली परिसर में खसरा क्रमांक ५५२, ५४५ मौजा कुडवा के अंतर्गत आने वाली ०.२६ हे.आर जगह का भी ७/१२ में दर्ज किया गया है।

उक्त सभी भूमियों का आरक्षण के अनुसार परिसर के नागरिकों की सुविधा के लिए विकास कार्य नगर परिषद के द्वारा शुरु किया जाएगा। उपरोक्त कार्य में नगर रचना सभापति जितेंद्र पंचबुद्धे को नगराध्यक्ष अशोक इंगले, मुख्याधिकारी करण चौहान व अनेकों पार्षदों द्वारा सहयोग दिया गया। जिसके चलते नगर परिषद मालकीयत की जमीन को शासकीय रिकॉर्ड में दर्ज कराने में सहायता प्राप्त हुई।



**नागरिकों के हित में कार्य**

नगर परिषद द्वारा शहर के नागरिकों के हित व विभिन्न विकास कार्यों के प्रयोजन हेतु आरक्षित भूमि शहर के नागरिकों के टैक्स की राशि से खरीदी गई थी। किंतु अब तक उन जमीनों का उचित तरीके से शासकीय रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हो पाया था। इसके लिए नागरिकों के हित में कार्य किया जा रहा है। जिसमें नगराध्यक्ष अशोक इंगले, मुख्याधिकारी करण चौहान व अनेक पार्षदों का विशेष सहयोग रहा है।

**– जितेंद्र (बंटी) पंचबुद्धे,**
सभापति नगर रचना विभाग नप गोंदिया

### विवादित भूमि का निराकरण जल्द ही

गोंदिया नगर परिषद द्वारा खरीदी गई अनेक भूमि के नाम रिकॉर्ड में तहसील भूमि अभिलेख विभाग द्वारा असामाजिक तत्व व राजनीतिक दबाव के चलते गलत नापजोक कर रिकॉर्ड में हेराफेरी करते हुए खरीदी गई भूमि से कम दर्शाते हुए दस्तावेज तैयार किए गए। इस संदर्भ में भी जितेंद्र पंचबुद्धे द्वारा पहल करते हुए जमीनों की समस्या का निराकरण का कार्य शुरु किया गया। जिसका जल्द ही हल निकल कर नगर परिषद के कब्जे में जमीन पूर्ण रुप से आ पाएगी।

जिसमें गोंदिया बुर्ज के अंतर्गत आने वाली गट क्रमांक २५८ की १.४० हे.आर, मामा चौक सिविल लाइन क्षेत्र में भूमि से अतिक्रमण हटाने तथा भूमि अभिलेख विभाग द्वारा रिकॉर्ड में कम दर्शाई गई तथा भूमि अभिलेख विभाग द्वारा गलत तरीके से दूसरे के नाम दर्ज की गयी। जिससे उसके सुधार के लिए आवेदन दिया गया। पिंडकेपार गट क्रमांक २६६ बगीचे के लिए आरक्षित १.३० हेक्टेयर नगर परिषद द्वारा १. ११ हे.आर जिसमे २४ मीटर विकास रास्ता सहित जिसमें ०,९९ हेक्टेयर भूमि बगीचे के लिए समाविष्ट थी। किंतु उसमें से ०.७१ हेक्टेयर जमीन वर्तमान नगर परिषद के ताबे में हैं। शेष ०.१८ हे.आर जमीन के पुन: नापजोक के लिए आवेदन। आरक्षण क्रमांक एन-५१ प्राथमिक स्कूल के लिए आरक्षित जमीन जिसकी खरीदी ०.३२ हेक्टर आर है। किंतु नगर परिषद के नाम से सिर्फ ०.०७ हेक्टेयर आर ही दर्ज है। जिसमें फिर से नापजोक कर सुधार के लिए आवेदन दिया गया है।

### तहसील भूमि अभिलेख विभाग की संदेहास्पद भूमिका

गोंदिया नगर परिषद द्वारा विभिन्न प्रयोजनों के लिए आरक्षित कर खरीदी गई भूमि के रिकॉर्ड में तहसील भूमि अभिलेख विभाग अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा असामाजिक तत्व व भू-माफियाओं के साथ सांठगांठ कर नगर परिषद के नाम से भूमि खरीदी अनुसार दर्ज नहीं की गई है। जिसके चलते विभाग की भूमिका संदेहास्पद बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि गोंदिया में नगर परिषद के अलावा अनेक जमीनों के नाम जो वह रिकॉर्ड में भूमि अभिलेख विभाग द्वारा अपनी कार्यप्रणाली को संदेहास्पद बनाते हुए भारी गड़बड़ी की है।

## प्रभाग २० के केएमजे हॉस्पिटल के

# प्रलंबित मार्ग का कार्य हुआ शुरु

गोंदिया नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले प्रभाग क्रमांक २० के तहत केएमजे हॉस्पिटल के सामने के मार्ग का निर्माण कार्य अनेक वर्षों से प्रलंबित था। मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे पड़ गए थे। उपरोक्त मार्ग से आवागमन करने वाले नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस मार्ग के निर्माण को लेकर पार्षद सुनील तिवारी द्वारा निरंतर प्रयास कर निर्माण के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं व बाधाओं को दूर करने का प्रयास करते हुए आखिरकार मार्ग के सीमेंटीकरण का कार्य २७ सितंबर को शुरु किया गया। उपरोक्त मार्ग के निर्माण के लिए पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल, गोंदिया नगर परिषद अध्यक्ष अशोक इंगले का भी विशेष सहयोग रहा।

निर्माण शुरु होने के अवसर पर प्रभाग के रोहित कटरे, अमित झा, सोनू सोनकुसरे, नितिन भदाडे, अकरम पठान, राधेश्याम करंजेकर, राजकुमार शिरसागर, दुर्गा भोंगाड़े, अशोक चुटे, नफीस खान, विजू ठवरे, आशीष चौहान, रितेश जयसवाल, पप्पी चाचा, सतीश बंजारी, निखिल गजभिए व प्रभाग के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रभागवासियों ने मार्ग के निर्माण शुरु होने पर पार्षद सुनील तिवारी का आभार व्यक्त किया।

# विश्व हृदय दिवस : २९ सितंबर



हृदय रोग दुनिया भर में नंबर एक हत्यारा बना हुआ है। यह मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, धूम्रपान, वायु प्रदूषण और गतिहीन जीवन शैली के कारण होता है।

मेटाबोलिक सिंड्रोम जो मधुमेह, उच्च रक्तचाप, डिस्लिपिडेमिया और मोटापे के कारण होता है, सभी हृदय रोगों की जननी है। भारत में ३० से ४० फीसदी आबादी में सिंड्रोम है। साइलेंट किलर होने के कारण, इसका पता लगाने का एकमात्र तरीका स्क्रीनिंग है, इससे पहले कि यह आपके शरीर को अपरिवर्तनीय स्तर तक नुकसान पहुंचाए।

यह विश्व हृदय दिवस हृदय रोगों के बारे में जागरुकता, रोकथाम और प्रबंधन में सुधार के लिए डिजिटल स्वास्थ्य के महत्व को जानता है। टेलीहेल्थ फोन ऐप और वियरेबल्स के साथ लंबा और मजबूत है।

हृदय रोगों को मात देने के लिए तीन स्तंभ हैं। इक्विटी, रोकथाम और प्रबंधन और वह भी ज्ञान, करुणा और प्रभाव की मदद से यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपके प्रियजनों के पास हृदय स्वास्थ्य जीवन जीने के सर्वोत्तम अवसर हैं।

तो महाकैप में विभिन्न विशेषज्ञ कार्डियोलॉजिस्ट की टेलीमेडिसिन यूनिट की मदद से हम दिल के दौरे की तत्काल रिपोर्टिंग के लिए चौबीसों घंटे मदद कर रहे हैं, वह भी प्राथमिक प्रबंधन सहायता के साथ-साथ मुफ्त। अब तक महाकैप ने १०,००० से अधिक हृदय रोगियों की मदद की है, और हम इस विश्व हृदय दिवस से सभी के लिए इस हेल्पलाइन को खोलते हैं।

२० साल की उम्र के बाद सभी को मधुमेह, उच्च रक्तचाप और डिस्लिपिडेमिया के लिए परीक्षण करने की आवश्यकता होती है। क्योंकि हम जानते हैं कि पारिवारिक हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया काफी आम है और यह नियमित कोलेस्ट्रॉल जांच के लिए परीक्षण किए गए २५० लोगों में से १ में पाया जा सकता है।



हृदय रोगों को रोकने के लिए बुनियादी बातों का पालन करना अभी भी बहुत आसान है। आपको बस ए, बी, सी, डी और ई की मूल बातों का पालन करना है।

**ए के लिए** १) कार्डियोवैस्कुलर बीमारी के जोखिम का आकलन करें। २) कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों की चुनौती स्वीकार करें। ३) मधुमेह, उच्च रक्तचाप और डिस्लिपिडेमिया जैसी साइलेंट किलर बीमारियों के बारे में जागरुकता बढ़ाने की जरुरत है।

**बी फॉर** १) बीएमआई का अर्थ है बॉडी मास इंडेक्स, इसे १८ से २५ के बीच रखा जाना चाहिए। २) समाज के लिए हृदय स्वस्थ जीवन का ब्रांड एंबेसडर बनें।

सी फॉर १) कार्डियोलॉजिस्ट, सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण हमेशा अपने कार्डियोलॉजिस्ट की बात सुनें और उसका पालन करें। २) अपने कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखें। ३) सिगरेट और वह सब कुछ छोड़ दें जिसमें निकोटीन होता है।

**डी फॉर** १) आहार में बहुत सारे फल शामिल होने चाहिए। सब्जियां, नट, फलियां और मछली भी। २) मधुमेह नियंत्रण में होना चाहिए। ३) स्वस्थ हृदय जीवन शैली को बढ़ावा देने और प्रेरित करने के लिए डिजिटल हेल्थ ऐप, वियरेबल्स का उपयोग किया जाना चाहिए।

**ई के लिए** १) व्यायाम, नियमित मध्यम या उच्च तीव्रता वाले व्यायाम साप्ताहिक कम से कम ५ बार किए जाने चाहिए। २) आपको अपने दुश्मन जैसे गतिहीन जीवन शैली और जंक फूड को जानना चाहिए और हर संभव कीमत पर इससे बचना चाहिए।

**– डॉ.प्रमेश गायधने,** एमबीबीएस, एमडी डीएम कार्डियोलॉजी (गोल्ड मेडलिस्ट)

# विधायक अग्रवाल द्वारा दिव्यांगों को मिलेगी मोटराईज ट्रायसिकल



गोंदिया - विधायक विनोद अग्रवाल की संकल्पना से जिले के दिव्यांग भाई-बहनों के लिए मोटराईज ट्रायसिकल हेतु शिविर का आयोजन जैन कुशल भवन, गोंदिया में किया गया था। जिसमे जिले भर से लगभग ७० दिव्यांग पहुंचे थे, जिसमें से ३७ दिव्यांग लाभार्थी पात्र सिद्ध हुए है, जिन्हे जल्द ही विधायक विनोद अग्रवाल की ओर से मोटराईज ट्रायसिकल प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर प्रमुख रुप से जनता की पार्टी (चाबी संगठन) के संयोजक भाऊराव उके, नगरपरिषद के उपाध्यक्ष शिव शर्मा, पूर्व नगराध्यक्ष व वर्तमान शहर अध्यक्ष कशिश जायसवाल, विनोद किराड, नगरपरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष हर्षपाल रंगारी, पूर्व बांधकाम सभापति व पार्षद धर्मेश बेबी अग्रवाल, युवामोर्चा जिला अध्यक्ष समीर आरेकर, हंसू वासनिक, राजू पटले, अनिल हुंदानी, युवामोर्चा शहर अध्यक्ष अभय मानकर, अजीत टेंभरे, युवामोर्चा ग्रामीण अध्यक्ष शेखर सहारे, रोहित अग्रवाल, सरपंच कुलदीप पटले, आशीष ठकरानी, पंकज सोनवाने, राजेश अंबूले, अनिल रहांगडाले, मोनू पारधी, अनिल पटले, नितेश गड़पायले, चेतन डोये, सचिन बोपचे व अन्य अधिकारी, कर्मचारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# यंग इंडिया बोल प्रतियोगिता से होगा युवक कांग्रेस प्रवक्ताओं का चयन

गोंदिया - भारतीय राष्ट्रीय युवक कांग्रेस द्वारा महाराष्ट्र प्रदेश में यंग इंडिया बोल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसमें विजेता प्रतियोगियों को क्रमानुसार प्रादेशिक व राष्ट्रीय प्रवक्ता के रुप में चयन किया जाएगा। उपरोक्त कार्यक्रम भारतीय राष्ट्रीय युवक कांग्रेस महाराष्ट्र प्रदेश महासचिव व सहप्रभारी शिवानी वडेट्टीवार के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है। तहसील व जिलास्तर की प्रतियोगिता का आयोजन होने के पश्चात राज्यस्तर पर प्रतियोगिता ली जाएंगी तथा राष्ट्रीयस्तर पर प्रतियोगिता १४ नवंबर को दिल्ली में आयोजित की जाएगी। जिसमें विजेताओं को प्रादेशिक व राष्ट्रीय प्रवक्ता के रुप में स्थान प्राप्त होगा। उक्त जानकारी आयोजित पत्र परिषद में युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आलोक मोहंती ने दी। इस अवसर पर एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष हरीश तुलसकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रवि चौरसिया, युवक कांग्रेस जिला महासचिव जाहिद सोलंकी, शहर एनएसयूआई अध्यक्ष रुकनेश शेख तथा एनएसयूआई सोशल मिडिया प्रभारी अमन तिगाला उपस्थित थे।

# साप्ताहिक राशिफल

**मेष :** कार्यक्षेत्र पर मिलनसार और सौहार्दपूर्ण वातावरण के चलते अच्छा करने को प्रेरित होंगे। धन संबंधित मामलों के लिए समय अनुकूल चल रहा है, जल्द ही कोई आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है। अपनी पसंदीदा चीजों पर खर्चा करना संतोषजनक साबित होगा। घर के कामों में मदद करने के आपके स्वभाव की सभी तारीफ करेंगे। संतुलित आहार और नियमित व्यायाम अधिकांश शारीरिक बीमारियों को दूर रखने में मददगार साबित होगा।

**वृषभ :** पढ़ाई में दूसरों से आगे निकलने के लिए देर रात मेहनत करने की आवश्यकता है। कार्यक्षेत्र पर अपने अधिकारों को बांटना काम करने का सही तरीका साबित होगा जिसके चलते आप पर काम का बोझ कुछ कम होगा। प्रोफेशनली अपने काम को लेकर सतर्क रहें और कोई भी गलती न छोड़ें। इस सप्ताह खुशखबरी आपका इंतजार कर रही है। शेयर मार्केट में खोया हुआ पैसा वापस मिलने की संभावना है। सरप्राइज गिफ्ट और कैंडल लाइट डिनर से अपने साथी को प्रभावित करेंगे।

**मिथुन :** काम को लेकर आपके सर्वश्रेष्ठ व्यवहार के चलते किसी महत्वपूर्ण कार्य के अच्छी तरह से पूरा होने की संभावना है। किसी खानदानी विरासत के मिलने में समय लग सकता है, इसलिए खुद पर नियंत्रण रखें। प्रेम संबंधों के लिए समय थोड़ा कठिन चल रहा है। अपने साथी के साथ संबंधों को मजबूत करने की कोशिश करें। नवविवाहित जोड़े एक-दूसरे के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। यात्राओं के योग बन रहे हैं। मनपसंद जगह घूमने का मौका मिल सकता है।

**कर्क :** इस हफ्ते चाहे कोई आपके साथ कितना ही गलत कर ले, पर आप उसे माफ करने के मूड में रहेंगे। समाज में आपके द्वारा किए गए प्रयासों की सभी सराहना करेंगे जिसके चलते आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी और पहचान मिलेगी। सैलरी में बढ़ोतरी के आपके अनुरोध को सहानुभूति के सुना जा सकता है। किसी को उधार दिया हुआ पैसा तुरंत वापस मिल जाएगा। पुराने दोस्तों से मिलकर और पुरानी यादें ताजा होंगी।

**सिंह :** कार्यक्षेत्र पर कोई आपकी उपलब्धियों की प्रशंसा कर सकता है। विदेश यात्राओं के योग बन रहे हैं। किसी विशेष व्यक्ति से विदेश जाकर मिलने की इच्छा जल्दी ही पूरी होने की संभावना है। इस सप्ताह आप में से कुछ लोग प्रोफेशनली खुद को बेड़ियों में जकड़ा हुआ और असहाय महसूस कर सकते हैं, जो निराशाजनक साबित हो सकता है। किसी लोन को पास कराने में आ रहीं समस्याओं के चलते लोन का विचार छोड़ने की सोच सकते हैं। इस हफ्ते व्यवसाय करने वाले लोगों को विवेकपूर्ण तरीकों से खर्च करने की आवश्यकता है।

**कन्या :** प्रोफेशनल्स और शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोग अतिरिक्त कार्यभार को कुशलता से पूरा करने में सफल होंगे। कार्यक्षेत्र पर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते उच्च अधिकारियों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित करने में कामयाब होंगे। किसी सामाजिक काम के लिए पैसों का इंतजाम करने में मेहनत करनी पड़ सकती है। प्रॉपर्टी के किसी विवाद के चलते भाई-बहनों के खिलाफ खड़ा होने की संभावना है, इसलिए बेहतर होगा कि आप समय रहते ही इस समस्या का सौहार्दपूर्ण तरीके से समाधान ढूंढने की कोशिश करें।

**तुला :** धन संबंधित मामलों को लेकर सतर्क रहने की जरुरत है। इस सप्ताह धन संबंधित चली आ रही समस्या को सुलझाने के लिए समय देने की आवश्यकता होगी। माता-पिता या बुजुर्ग आप पर किसी ऐसे काम को करने का दबाव बना सकते हैं जिसे आप सहमत नहीं होंगे। थकान के चलते सुस्ती महसूस कर सकते हैं। आपका साथी इस सप्ताह कुछ समय अकेले रहना चाहते हैं, इसलिए उसकी भावनाओं का सम्मान करें। पढ़ाई में आपसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा सकती है।

**वृश्चिक :** अपने उत्कृष्ट बातचीत कौशल के चलते इस सप्ताह हर किसी को प्रभावित करने में सफल होंगे। पिछले किए गए किसी निवेश के अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है। यात्राओं पर जाने के योग बन रहे हैं। शहर से बाहर परिवार के साथ किसी यात्रा पर जाना मजेदार साबित होगा। कुछ खास हासिल करने का लक्ष्य रखने वालों को कोई नहीं रोक सकता। रोमांस के लिए ये सप्ताह संतोषजनक साबित होगा। अपने साथी के कैंडल लाइट डिनर पर जाकर रोमांचित महसूस करेंगे।

**धनु :** शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए अच्छा समय चल रहा है। कोई ऑफिस में आपके कार्यभार को साझा करने की पेशकश कर सकता है। प्रेम संबंधों के लिए समय अनुकूल चल रहा है, अपने साथी के साथ समय बिताना और गिफ्ट देना संतोषजनक साबित होगा। विदेश यात्रा पर जाना मजेदार साबित होगा। रियल स्टेट से जुड़े लोग किसी अच्छी डील को करने में कामयाब होंगे। घर पर कुछ बदलावों के करने के आपके सुझाव का सभी लोग स्वागत करेंगे।

**मकर :** सेहत से जुड़ी किसी समस्या में घरेलू उपचार अपनाना फायदेमंद साबित होगा। इस सप्ताह समाज में आपकी लोकप्रियता काफी बढ़ सकती है। करियर के लिए यह सप्ताह काफी उत्कृष्ट साबित होगा। करियर में तरक्की के योग बन रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने की संभावना है। प्रेम संबंधों के लिए समय अच्छा रहेगा। एक-दूसरे के साथ समय बिताने से साथी के साथ आपके संबंध मजबूत होंगे। इस सप्ताह आपके शुभचिंतक आपका सहयोग करेंगे।

**कुंभ :** प्रोफेशनली ये सप्ताह आपके लिए उत्कृष्ट साबित होगा। धनलाभ के योग बन रहे हैं। कुछ समय पहले शुरु किए गए किसी व्यवसाय से लाभ मिलने की संभावना है। आप किसी ऐसे व्यक्ति का सही मार्गदर्शन करने में सफल होंगे, जो आप पर पूरा विश्वास कर रहा है। किसी पार्टी या समारोह के निमंत्रण से आपको लोगों से मिलने और अपने व्यावसायिक हितों को आगे बढ़ाने का अवसर मिल सकता है।

**मीन :** कार्यक्षेत्र पर किसी मुश्किल समस्या का समाधान करने से आपकी प्रतिष्ठा में इजाफा होगा। यात्राओं से अच्छा व्यापार मिलने की संभावना है। इस सप्ताह आर्थिक रुप से आप खुद को बेहतर स्थिति में पाएंगे। अपने किसी ड्रीम प्रोजेक्ट में निवेश करने की योजना बना सकते हैं। घर का माहौल शांत और खुशनुमा रहेगा। दोस्तों और करीबियों के आपके घर आने से घर की रौनक बढ़ेगी। प्रेम संबंधों को लेकर ये सप्ताह संतोषजनक रहेगा।

# आपदा व्यवस्थापन विभाग के कार्य महत्वपूर्ण - नयना गुंडे



## खोज व बचाव पथक को सम्मान पत्र देकर की सराहना

गोंदिया जिले में मानसून के दौरान विभिन्न घटनाओं में तत्काल मदद पहुंचाकर जन व वित्तीय हानि को कम करने का कार्य जिला आपदा व्यवस्थापन विभाग व खोज व बचाव पथक द्वारा किया गया है। जिसमें उनके कार्य महत्वपूर्ण है ऐसा प्रतिपादन जिलाधिकारी नयना गुंडे द्वारा कर खोज व बचाओ पथक को सम्मान पत्र देकर उनकी सराहना की।

गोंदिया जिले में इस वर्ष मानसून के दौरान विभिन्न दुर्घटनाओं में आकस्मिक मौत होने वाले नागरिकों के शव शोध व बचाव पथक द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन कर निकाला गया। जिसमें आमगांव तहसील के मुंडीपार ग्राम में ७ सितंबर को चार युवकों के बाघ नदी में डूब कर मौत होने की अप्रिय घटना घटित हुई थी। जिस में भी खोज व बचाव पथक द्वारा चारों युवकों के मृत शरीर को तलाश कर निकाला गया। जिले में राज्य आपदा प्रतिशाद दल नागपुर द्वारा मार्गदर्शन लेकर जिले में खोज और बचाव पथक का निर्माण किया गया। जिसके चलते आपदा व्यवस्थापन प्राधिकरण गोंदिया के द्वारा आपदा की स्थिति के असर को कम करने के लिए विभिन्न उपाय योजना की जा रही है ऐसा जिला अधिकारी द्वारा कहा गया।

**प्रशासन व नागरिकों का हो तालमेल**

जिलाधिकारी ने किया आवाहन बाढ़ की स्थिति पर नियंत्रण करना संभव है। आपदा के दौरान नागरिकों की किसी भी प्रकार की मदद के लिए जिला प्रशासन सदैव सजग है। प्रशासन व नागरिक यह समाज के दो घटक है। ऐसी परिस्थिति में नागरिकों व प्रशासन द्वारा एक दूसरे से समन्वय रख बाढ़ की स्थिति पर मात करने के लिए एक साथ आने तथा वर्तमान परिस्थिति में बांध, जलाशय आदि में पानी का जलस्तर बढ़ रहा है। जिसके चलते कभी भी बांधों के गेट खोले जा सकते हैं। जिस कारण पानी निकासी के चलते नदी किनारे स्थित ग्रामों में बाढ़ की स्थिति निर्माण होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। जिस पर नागरिक विशेष सतर्कता व सजग रहकर नियमों का पालन करें तथा आपदा व्यवस्थापन को सहयोग करें ऐसा आव्हान जिलाधिकारी नयना गुंडे द्वारा किया गया। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर अपर जिलाधिकारी राजेश खवले, निवासी उप जिलाधिकारी जयराम देशपांडे, जिला आपदा व्यवस्थापन अधिकारी राजन चौबे, दीपक परिहार, आकाश चौहान, रुपचंद नाकड़े, सुखचंद लिल्हारे तथा खोज और बचाव पथक के सभी सदस्य प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

# सामान्य लोगों की समस्याओं के साथ-साथ किसानों की समस्याओं का भी करे समाधान

**चाबी संगठन ने प्रशासन से की मांग**

**गोंदिया -** किसानों को ई-फसल सर्वेक्षण में तकनीकी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और ई-फसल सर्वेक्षण करना संभव नहीं है। क्योंकि किसानों के पास एंड्रॉइड मोबाइल नहीं है। साथ ही एक मोबाइल से २० किसानों का ही पंजीयन हो रहा है। इससे कई किसान वंचित रह सकते हैं। इसमें सुधार किया जाना चाहिए और पंजीकरण की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। और किसानों को सरकारी मशीनरी द्वारा सहायता प्रदान की जानी चाहिए। यूरिया उर्वरक की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार को कृषि केंद्रों पर सख्त नियंत्रण रखना चाहिए ताकि किसानों की लूट न हो। सरकारी धान खरीद केंद्रों को किसी भी केंद्र पर तहसील के भीतर किसानों को धान बेचने का अधिकार होना चाहिए। केंद्र में ग्राम प्रतिबंध न होने पर किसान किसी भी अनाज क्रय केंद्र पर अपना अनाज बेच सकते हैं। सस्ता खाद्यान्न नहीं मिलने वाले राशन कार्डधारकों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए उचित कार्रवाई की जाए। पेट्रोल, डीजल, घरेलू गैस, खाद्य तेल और आवश्यक किराने का सामान की कीमतें कम की जानी चाहिए। ताकि आम जनता पर बोझ कम हो। साथ ही पेट्रोल और डीजल को जीएसटी में शामिल किया जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों के फार्म बी सूची में सभी घरों का निर्माण पूरा कर लिया गया है और शेष राशि तत्काल उनके खाते में जमा की जानी चाहिए। घरेलू बिजली बिल की दरों को कम किया जाए। करीब १२ रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से बिलिंग शुरु हो गई है। साथ ही लंबित कृषि मोटर पंप कनेक्शनों को तत्काल जोड़ा जाए और किसानों के बकाया बिजली के बिल माफ किए जाएं। ओबीसी आरक्षण को लेकर केंद्र और राज्य दोनों सरकारों में बहुत गलतफहमी है। इसलिए ओबीसी वर्ग प्रामाणिकता से वंचित हैं। दोनों सरकारों के विवाद में ओबीसी वर्ग को काफी नुकसान हो रहा है। ओबीसी समुदाय को संविधान के प्रावधानों के अनुसार स्थानीय निकायों और अन्य स्थानों में २७ प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए। साथ ही किसानों को फसल ऋण भी दिया जाए। ऐसी मांग जनता की पार्टी चाबी संगठन के कार्यकताओ तथा पदाधिकारियों ने की है।



इस दौरान जनता की पार्टी के जिल्हाध्यक्ष भाऊराव ऊके, सचिव टिटुलाल ऊके, कोषाध्यक्ष मुनेश रहांगडाले, जिल्हा उपाध्यक्ष सुजीत येवले, ग्रामीण तहसील अध्यक्ष छत्रपाल तुरकर, गोंदिया शहरध्यक्ष कशिश जायसवाल, किसान आघाडी जिल्हाध्यक्ष, मोहन गौतम, मेहतर पगरवार, युवा मोर्चा गोंदिया विधानसभा प्रमुख अजित टेंभरे, तहसील महामंत्री कमलेश सोनवाने, महिला मोर्चा तहसील अध्यक्ष चौतालीसिंह नागपुरे, महामंत्री आनंदा वाड़ीवा, भारती गावंडे प्रभाकर ढोमने, रुपलाल रहांगडाले, सुधीर चंद्रिकापुरे सरपंच पिंडकेपार, शिवानंद पटले, कमलनाथ फंद्रे, नप उपाध्यक्ष गोंदिया शिव शर्मा, कामठा जि.प.प्रमुख पृथ्वीराजसिंह नागपुरे, लखन हरिनखेड़े, देवानंद महारवाडे, जीतलाल पाचे, ज्ञानचंद जमईवार, धनीराम अंबुले, रोशन पाथोड़े, दिनेश तुरकर, चेतन बहेकार, लिमेंद्र बिसेन व अन्य जनता की पार्टी चाबी संघटना के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बहुजन हित का एकमेव पक्ष बसपा - प्रदेश महासचिव रविन्द्र गवई

## बसपा लड़ेगी सभी सीटों पर स्थानिय निकाय चुनाव

### बसपा का प्रशिक्षण शिबीर सम्पन्न

गोंदिया - भविष्य में होने वाले स्थानिय निकाय चुनावों की तैयारी के मद्देनजर संगठन के पदाधिकारी एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं को चाकचौबंद करने के उद्देश्य से स्थानीय होटेल सनशाइन प्लाजा में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिबीर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक के रुप में बसपा के प्रदेश महासचिव जलगांव के रविन्द्र गवई, प्रमुख अतिथि के रुप में जिला झोन प्रभारी विलास राऊत एवं नागपुर के प्रभारी विजय डहाट उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिनेशसिंग गेडाम ने की।

प्रशिक्षण सत्र की सुरुवात दिनेशसिंग गेडाम के प्रास्ताविक भाषण से हुई। उसके पश्चात अपने सम्बोधन में जिला झोन प्रभारी विलास राऊत ने जिले की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से आए हुए अपने पदाधिकारियों से कहा कि निकट भविष्य में होने वाले चुनावों के मद्देनजर कार्यकर्ताओं ने अवांछित विवादों अफवाहों से दूर रहकर प्रत्येक सेक्टर बुथ पर अपने पार्टी की विचारधारा पहुचाने का काम करे, तथा कमेटी के गठन एवं पार्टी संगठन के मजबुती पर ध्यान दे।



प्रशिक्षण शिबीर को विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन करते हुए रविन्द्र गवई ने बहुजन महापुरुषों की संघर्ष गाथा के साथ साथ वर्तमान परिस्थितिया एवं चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। उपस्थितों से संवाद स्थापित करते हुए उन्होंने बताया कि बहुजनों के हित में यदि कोई संगठन इस समय देश में कार्यरत है उसका नाम बहुजन समाज पार्टी है। अत: बहुजनों ने अपनी बिगड़ी हुई बात को बनाने के लिए बसपा को मजबूती प्रदान करने की सलाह भी इस अवसर पर दी। नागपुर के प्रभारी विजय डहाट ने भी अपने समयोचित उदगार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष कैलाश बोरकर एवं आभार प्रदर्शन भास्कर रायकर ने किया। शिबीर के सफलतार्थ बसपा जिला कोषाध्यक्ष नुरलाल ऊके, जिला संगठन मंत्री सतीश वैद्य, जिला महिला महासचिव पंचशिला ताई पानतावने, जिला सचिव अनिल मौर्य, गनाजी चौहान, आनंद मेश्राम, भास्कर रायकर, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष नंदकिशोर बारसे, योगेंद्र शहारे, किरण गेडाम, बीवीएफ संयोजक दिनेश चौहान, रोमी नागदेवे, मनोज सरोजकर, अनिल मेश्राम, माणिक पानतावने, रणजीत वासनिक, कमलेश शेंडे इत्यादि ने अथक प्रयास किए।

# भेदभाव से नही समभाव से मिलेगी विकासकार्यो को गति - विधायक अग्रवाल

**फुलचुर जिप क्षेत्र के अंतर्गत ४ करोड़ के कामों का भूमिपुजन एव लोकार्पण समारोह संपन्न**



**गोंदिया -** अनेक दिनो से गोंदिया विधानसभा क्षेत्र में अनेक विकासकार्यों के भूमिपूजन के साथ-साथ लोकार्पण भी हो रहे हैं। विधायक विनोद अग्रवाल के कार्यप्रणाली से गोंदिया विधानसभा क्षेत्र को एक नई पहचान मिल रही है। संपूर्ण महाराष्ट्र में विनोद अग्रवाल के कार्यों से नागरीको को लाभ मिल रहा है। उनका मूल मकसद केवल गोंदिया विधानसभा को ही लाभ दिलवाना ही नही है। उनकी भूमिका जनता के सेवक के रुप में है, इसलिए वह जनता के हर सुख दु:ख में उनके साथ रहकर उन्हें सहयोग करते है।

हाल ही में विधायक विनोद अग्रवाल के प्रयत्न से फुलचुर जिला परिषद क्षेत्र के अंतर्गत फुलचुर टोला में १.६० करोड के कामो का, ग्राम फुलचुर में १.५० करोड, ग्राम कारंजा में ९४.४४ लाखो के कामो का ऐसे लगभग ४ करोड़ के कामों का भूमिपूजन एंव लोकार्पण का कार्यक्रम विधायक विनोद अग्रवाल के हस्ते संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक विनोद अग्रवाल ने उपस्थित समस्त ग्रामवासी और कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुआ कहा की संपूर्ण गोंदिया विधानसभा क्षेत्र में अब तक भेदभाव करते हुए विकासकार्य किये गए। परंतु अब भेदभाव से नही बल्कि समभाव से कार्य को गती मिलेगी। और सदैव विकास कार्यो के लिए और जनता की सेवा में तत्पर रहने का भी आश्वासन विधायक विनोद अग्रवाल ने दिया।

साथ ही विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा की विकासकार्यो को गती मिले इसके लिए आनेवाले ग्रामपंचायत, जिल्हा परिषद, पंचायत समिती के चुनाव में आपको चाबी संघटन जनता की पार्टी के उम्मीदवारों को भारी बहुमतो से जीताकार लाना है। जिस तरह आपने मुझे जनता के उम्मीदवार से जनता के सेवक बनाया। ठीक उसी तरह ही आपको अपने जिला परिषद, पंचायत समिती, ग्राम पंचायत में भी जनता के सेवक को चुनकर लाना है, ऐसा विधायक विनोद अग्रवाल ने जिला परिषद फुलचुर क्षेत्र के अंतर्गत आयोजित भुमिपुजन और लोकार्पण के कार्यक्रम में कहा।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रुप से उपस्थित विधायक विनोद अग्रवाल, भाऊराव ऊके जिलाध्यक्ष जनता की पार्टी, छत्रपाल तुरकर (चाबी संघटन) मुनेश रहांगडाले, रोहित अग्रवाल जिला परिषद फुलचुर क्षेत्र के अंतर्गत कारंजा, फुलचुर, फुलचुरटोला के भूमिपूजन एंव लोकार्पण समारोह में प्रमुख रुप से कोमल धोटे सरपंच, फुलचुरटोला, सौ. धनवंता उपराड़े सरपंच कारंजा, मिलन रामटेककर सरपंच फुलचुर इनकी अध्यक्षता में संपन्न हुआ। साथ ही प्रमुख अतिथी के रुप में सुभानराव रहांगडाले, सुरेश सोनवाने उपसरपंच फुलचुर, दामोदर खांडवाहे, ग्रामपंचायत सदस्य सुकचंदजी येडे, दुर्गाप्रसाद नागपुरे, सुमित शेन्डे , सरस्वती नागपुरे, सुनिता लिल्हारे, रविकांता नागपुरे, दुर्गा राऊत, सिंधु राऊत, किरण पटले तथा विषेश अतिथी राजेश अंबुले, अध्यक्ष, तं.मु.स. फुलचुर, मोरेश्वर नागपुरे, अनिल रहांगडाले, मोनू पारधी फुलचुर ग्राम पंचायत सदस्य उपस्थित थे।

# श्री अग्रसेन नागरिक सह.पतसंस्था की वार्षिक सर्वसाधारण सभा संपन्न

गोंदिया - श्री अग्रसेन महाराज नागरिक सहकारी पतसंस्था मर्यादित गोंदिया की २७ वीं वार्षिक सर्वसाधारण सभा कोविड-१९ का पालन करते हुए २६ सितंबर को जैन कुशल भवन में आयोजित की गई। उपरोक्त सभा में संस्था अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, संचालक राकेश वर्मा, रतनलाल अग्रवाल, कैलाशचंद्र रुंगटा, अशोक अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, अंकुर शंकर गजभिए, मनीषा खंडेलवाल उपस्थित थे। जिसमें सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन व मां लक्ष्मी के छायाचित्र का पूजन व दीप प्रज्वलन किया गया। उसके पश्चात उपाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल द्वारा गत वर्ष की आम सभा के प्रस्ताव का वाचन व ३१ मार्च २०२१ के आय-व्यय पत्रक



स्थिति विवरण व प्रस्तुतीकरण तथा आर्थिक वर्ष २०२०- २१ के वैधानिक लेखा परीक्षण का अहवाल, वित्त वर्ष २०२१-२२ के लिए वैधानिक लेखा परीक्षक के नियुक्ती करना तथा अन्य जानकारी पेश की तथा संस्था अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल द्वारा किए गए कम ब्याज दर की जानकारी दी। १२ प्रतिशत लाभांश की घोषणा की जिसे सभा ने मंजूरी दी। आर्थिक वर्ष २०२० २१ में संस्था द्वारा कुल ३०२९८०८.७४ रुपयों का लाभ अर्जित किया है। जिसमें ८.१७ करोड़ का विनियोग किया गया है। संस्था सभासद एवं खातेदारों के कल्याणकारी योजना के लिए प्रयासरत हैं। उपस्थित सभासदों का आभार अशोक अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया।

# काँग्रेस की ओर बढ़ रहा युवाओं का झुकाव - नाना पटोले

**विविध पक्षो के २५ कार्यकर्ताओं का काँग्रेस में प्रवेश**

तिरोडा - देश मे बढ़ती महंगाई, किसानों का शोषण, महंगी शिक्षा, निजीकरण की वजह बढ़ती बेरोजगारी आदी कारणों से केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ देश के युवाओं में भारी रौष है जिसके फलस्वरुप अब युवा वर्ग जागृत होकर काँग्रेस पक्ष की ओर झुक रहा है। इस आशय के विचार काँग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष नाना पटोले ने तिरोडा में पूर्व विधायक दिलीप बंसोड़ के जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित काँग्रेस के पक्ष प्रवेश कार्यक्रम में बोल रहे थे। यहां पूर्व विधायक दिलीप बंसोड़, प्रदेश सचिव पी.जी. कटरे, प्रदेश सचिव अमर वरहाड़े, जिलाध्यक्ष नामदेव किरसान, राधेलाल पटले की उपस्थिति में भाजपा तथा राष्ट्रवादी काँग्रेस समेत विविध पक्षों के २५ महिला पुरुष कार्यकर्ताओं ने नाना पटोले के हस्ते सदस्यता ग्रहण कर कोंग्रेस में प्रवेश किया। नाना पटोले ने स्व.प्रभात रावत, स्व. बालकृष्ण मलघाटे, स्व.सरजुबाई चन्दनसिंह बैस इनके निधन पश्चात शोकसंतप्त परिवारजनो से उनके घर जाकर भेंट की तथा उन्हें सांत्वना प्रदान की।

# विद्यांजलि पुस्तक बैंक का शुभारंभ

गोंदिया - जरुरतमंद परिवार के विद्यार्थियों को नाम मात्र राशि जमा कर शालेय सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विद्यांजलि पुस्तक बैंक का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन शिक्षिका व साहित्यकार श्रीमती सुषमा यदुवंशी के करकमलो द्वारा नेत्रदान प्रेरिका भाविका नागपुरे की प्रमुख उपस्थिति में किया गया।

उपरोक्त परियोजना के सहयोगी रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष नरेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में स्कूल सामग्री व पुस्तकों की बेतहाशा बढ़ती कीमतें के चलते जरुरतमंद परिवार के विद्यार्थी को उपलब्ध नहीं हो पाती, जिसके लिए विद्यांजलि पुस्तक बैंक के माध्यम से उन्हें नाम मात्र की राशि जमा कर शालेय सामग्री उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही उपरोक्त बैंक में नागरिक अपने बच्चों की पुस्तकें जो अब उनके काम की नहीं रह गई वे जनसेवा के लिए दे सकते हैं। उपरोक्त बैंक श्रीनगर मड़ी के पीछे यदुवंशी सर के निवास में प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर मित्र परिवार व बड़ी संख्या में पालक गण उपस्थित थे।

# सरपंच पति द्वारा ग्रापं कार्यालय का घटिया निर्माण

## देवरी तहसील के ग्राम डोंगरगांव के नागरिकों का आरोप

**संवाददाता देवरी –** देवरी तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत डोंगरगांव में महिला सरपंच के पति द्वारा ग्राम पंचायत की इमारत का निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेकिन उपरोक्त निर्माण कार्य घटिया होने के चलते ग्रामीणों द्वारा इसका विरोध कर कार्यवाही की मांग की है।

गौरतलब है कि महिला सरपंच के कार्यों में उसके पति या परिजनों के हस्तक्षेप पर शासन का एक बड़ा निर्णय है किंतु देवरी तहसील के अंतर्गत आने वाले डोंगरगांव ग्राम पंचायत में महिला सरपंच के पति का हस्तक्षेप खुलेआम होने के साथ ही शासकीय कार्य भी कर रहा है। निर्माण कार्य घटिया स्तर का होने पर ग्रामीणों द्वारा इसका विरोध कर कार्यवाही की मांग भी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार २०१७-२०१८ में १४वें वित्त आयोग द्वारा ग्राम पंचायत इमारत के निर्माण कार्य के लिए ५ लाख की निधि मंजूर हुई थी। उपरोक्त ग्राम पंचायत इमारत का निर्माण कार्य सरपंच के पति द्वारा शुरु किया गया किंतु कार्य घटिया दर्जे का होने के चलते गांव के नागरिकों द्वारा कार्य बंद करवाया गया था तथा उपरोक्त कार्य बीच में ही आधा होने की जानकारी है।

ग्राम सेवक द्वारा दी गई जानकारी से प्राप्त हुआ है की उपरोक्त कार्य का २ लाख रुपये का बिल भी निकाला गया है। लेकिन फिर से सितंबर २०२१ में सरपंच के पति द्वारा ग्राम पंचायत व सभासदों तथा ग्रामीणों को जानकारी न देते हुए फिर से कार्य शुरु किया गया है। इस संदर्भ में ग्राम पंचायत के सदस्यों व ग्रामीणों द्वारा पूछे जाने पर कार्य कैसे शुरु किया है तो सरपंच पति द्वारा धमकी देकर गाली गलौज किए जाने का आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाया गया है। इस पर ग्रामीणों द्वारा मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग का पत्र भी संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया है।

**पत्नी सरपंच, कामकाज करते पति**

गोंदिया जिले की अनेक ग्राम पंचायतों में पत्नी सरपंच होने पर उसके पूरे कामकाज पति व परिजनों द्वारा किए जाने का नजारा दिखाई देता है। डोंगरगांव ग्राम पंचायत में भी इसी प्रकार का मामला सामने आ रहा है जहां सरपंच पति द्वारा नागरिकों से विवाद कर गाली गलौज भी की जाती है। उपरोक्त संदर्भ में ग्राम पंचायत अधिकारी महिला सरपंच व उसके पति पर स्थानीय गट विकास अधिकारी व जिला प्रशासन क्या कार्यवाही करता है इस ओर नजर लगी हुई है।

**इंजीनियर ही दे सकते जानकारी**

वर्ष २०१७-२०१८ में १४वें वित्त आयोग के माध्यम से इमारत का निर्माण कार्य ग्राम पंचायत सरपंच व ग्राम पंचायत द्वारा किया जा रहा है तथा ने घटिया कार्य के संदर्भ में इंजीनियर ही जानकारी दे सकते हैं।

**– एन.जी.राठोड़,** ग्रामसेवक ग्रापं डोंगरगांव

**तुम्हें जो करना है करों**

ग्राम पंचायत इमारत का निर्माण कार्य शुरु होने पर महिला सरपंच से पूछे जाने पर सरपंच के पति द्वारा अभद्र भाषा का उपयोग कर कहा गया कि तुम्हें जो करना है वह तुम करो, मेरा कुछ नहीं हो सकता। जिसके चलते संबंधित विभाग द्वारा मामले की जांच कर दोषी सरपंच व पति पर कार्रवाई की जाए।

**– कोमेंद्र मेंढे,** ग्राम निवासी

**सरपंच ने जबरदस्ती कार्य शुरु किया**

इमारत निर्माण कार्य के संदर्भ में उप सरपंच व सदस्यों को जानकारी न देकर सरपंच व ग्रामसेवक द्वारा कार्य शुरु किया गया है। उपरोक्त इमारत का निर्माण कार्य घटिया स्तर का होने के चलते दो बार रोका गया था। परंतु सरपंच द्वारा फिर से जबरन कार्य शुरु किया गया है।

**– रमेश मडावी,** उपसरपंच ग्रापं डोंगरगांव

# सहायक पुलिस उपनिरीक्षक ३ हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

गोंदिया जिले के आमगांव पुलिस थाने में कार्यरत सहायक पुलिस उपनिरीक्षक दिलीप शंकरराव ऊरकुडे (५३) बक्कल नंबर ३४९ को २९ सितंबर को ३ हजार रुपये की रिश्वत लेते गोंदिया एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा धरदबोचा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी किसान के पड़ोस में मकान का कार्य शुरु था। जिसमें निर्माण कार्य में लगने वाली रेती पड़ोसी द्वारा उसके घर के समीप आंगन में डाली गई थी। जिस पर शिकायतकर्ता द्वारा रेती उठाने के लिए पड़ोसी को बोलने पर फरियादी के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। जिसमें शिकायतकर्ता व गैरअर्जदार दोनों के द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ आमगांव पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसके पश्चात संबंधित बीट अमलदार सहायक पुलिस उपनिरीक्षक ऊरकुडे ने शिकायतकर्ता पर कार्रवाई नहीं



करने व पड़ोसी पर कार्रवाई करने के नाम पर ५००० रिश्वत की मांग की थी। किंतु फरियादी द्वारा रिश्वत न देने की मंशा को लेकर २३ सितंबर को गोंदिया एसीबी में शिकायत दर्ज करवाई गयी। जिसके पश्चात एसीबी द्वारा जांच कर २९ सितंबर को पुलिस स्टेशन आमगांव में अपने लोक सेवक पद का दुरुपयोग करते हुए फरियादी से पंचों के समक्ष ३००० की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों धरदबोचा गया।

उपरोक्त मामले में आमगांव पुलिस थाने में आरोपी सहायक पुलिस उपनिरीक्षक दिलीप उरकुडे पर धारा ७ भ्रष्टाचार प्रतिबंधक अधिनियम १९८८ के तहत मामला दर्ज किया गया। उपरोक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक एसीबी रश्मि नांदेड़कर, अपर पुलिस अधीक्षक मिलिंद तोतरे, नागपुर के मार्गदर्शन में उपअधीक्षक एसीबी गोंदिया पुरुषोत्तम अहेरकर, पुलिस निरीक्षक अतुल तवाड़े, सफो विजय खोबरागढ़े, पोहवा राजेश शेंद्रे, नापोसी योगेश ऊईके, रंजीत बिसेन, नितिन रहांगडाले द्वारा की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### पं.दीनदयाल उपाध्याय जयंती मनाई



सामान्य प्रशासन विभाग महाराष्ट्र शासन के निर्णय के अनुसार वर्ष २०२१ में राष्ट्र के सभी महापुरुषों की जयंती मनाने का निर्देश दिया गया है। जिसके अनुसार २५ सितंबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय गोंदिया में पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे के हस्ते पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर उनके तेलचित्र पर पुष्पहार अर्पित कर अभिवादन करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में पुलिस निरीक्षक श्रीमती तेजस्विनी कदम, महेश बनसोडे, बबन आव्हाड, पुलिस उपनिरीक्षक श्रीकांत हाथीमारे तथा अन्य पुलिस अधिकारी व पुलिस कर्मचारी उपस्थित थे।

### बैंक खाते से उड़ाए ६ लाख ४२ हजार

गोरेगांव पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम झांजिया निवासी फरियादी चिंतामन पांडुरंग बिसेन (६४) यह अपने गृह ग्राम झांजिया में निवास करता था। इसी दौरान फरियादी के सैलरी अकाउंट एसबीआई बैंक रायपुर के खाता क्रमांक ३०६३२१२९९११ का एटीएम फरियादी के पास होने के बावजूद आरोपी द्वारा एटीएम विड्रॉल व जीसीसी ट्रांसफर कर ६,४२,६०० २७ जनवरी २०२० से ४ मार्च २०२० के दौरान खाते से उड़ा लिया। उपरोक्त मामले में फरियादी की मौखिक शिकायत पर गोरेगांव पुलिस थाने में धारा ४२० सहायक धारा ६६(क)(ड) तकनीकी तंत्रज्ञान अधिनियम २००० के तहत दर्ज कर आगे की जांच पुलिस निरीक्षक सचिन म्हेत्रे द्वारा की जा रही है।

### मुरुम की खदान में गिरकर मौत

गंगाझरी पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम दांडेगांव निवासी प्रभूदास लालचंद पटेल यह अपने खेत में घास काटने के लिए गया था। इसी दौरान शौच करने के पश्चात पानी लेने के लिए मुरुम की खदान के पास गया। जहां उसका पैर फिसलने से खदान की गहराई में जमा पानी में गिर कर डूबने से उसकी मौत हो गई। उपरोक्त मामले में फरियादी राजेश प्रमुदास पटले की मौखिक शिकायत पर गंगाझरी पुलिस थाने में आकस्मिक मौत धारा १७४ के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच पोहवा शेंबरे द्वारा की जा रही है।

### फांसी लगाकर की आत्महत्या

रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले बैंक कॉलोनी न्यू लक्ष्मी नगर निवासी शिशिर गंगाधर बोकड़े यह युवक गत ५,६ वर्षों से मानसिक बीमारी से जूझ रहा था। जिसके चलते तनाव होने पर स्वयं के घर में अपने रुम में गले में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उपरोक्त मामले में फरियादी प्रणय गंगाधर बोकड़े की मौखिक शिकायत पर रामनगर पुलिस थाने में आकस्मिक मौत धारा १७४ के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच पोहवा दशरिया द्वारा की जा रही है।

### चाकू से हमला कर किया जख्मी

आमगांव पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम पदमपुर निवासी फरियादी राजू गजानन ब्राम्हणकर (४४) यह पदमपुर बस स्टैंड चौक देवरी रोड के समीप पान दुकान के पास लोहे की बेंच पर बैठा हुआ था। इसी दौरान आरोपी मोटरसाइकिल से वहां आकर अपने सहयोगी के साथ सांठगांठ करते हुए पुराने विवाद को लेकर आरोपी क्रमांक एक द्वारा तुमने मुझे क्यों मारा ऐसा बोलते हुए गाली गलौज कर फरियादी के सिर पर थप्पड़ से वार कर दोनों हाथ पकड़ कर रखे। वहीं आरोपी क्रमांक दो द्वारा मेरे दोस्त १ महीने पहले क्यों मारा था ऐसा बोलते हुए पेंट की जेब से एक छोटा लोहे का चाकू निकालकर फरियादी के हाथ पैर पर तीन चार वार कर जख्मी कर दिया उपरोक्त मामले में फरियादी की मौखिक शिकायत व चिकित्सा अहवाल के आधार पर आमगांव पुलिस थाने में भादवि की धारा ३२४, ५०४, ३४ के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच पोहवा राहंगडाले द्वारा की जा रही है।

### फावड़े से हमला कर किया जख्मी

गोंदिया शहर पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले बाजपाई वार्ड निवासी फरियादी अशोक पूरनलाल लेकरिया (३५) को आरोपी द्वारा मुर्री बायपास रोड के समीप इलेक्ट्रिक फिटिंग के पुराने कार्य के पैसे के विवाद को लेकर फरियादी के साथ गाली गलौज कर विवाद करते हुए लोहे के पाइप व फावड़े से हमला कर जख्मी कर दिया। उपरोक्त मामले में फरियादी की मौखिक शिकायत पर गोंदिया शहर पुलिस थाने में भादवि की धारा ३२४, ५०४, ५०६ के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच पोहवा टेंभरे द्वारा की जा रही है।


## आवश्यकता है

गौशाला में गौ-सेवा के कार्य करने हेतु अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है। रहने व खाने की व्यवस्था के साथ ही योग्यतानुसार वेतन दिया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें...

**बुलंद गोंदिया कार्यालय**
जगन्नाथ मंदिर के पास, गौशाला वार्ड, गोंदिया
मो. : 9405244668, 7670079009
समय : दोपहर 12 से संध्या 5 बजे तक


# आखिरकार सेवा सहकारी संस्था कांप्लेक्स बांधकाम की मंजूरी रद्द

## नगर पंचायत ने संस्था को १ महीने के अंदर शासकीय जगह खाली करने का दिया आदेश

**गोरेगांव –** गोरेगांव शहर में सेवा सहकारी संस्था कांप्लेक्स बांधकाम विवादों से थमने का नाम नहीं ले रहा है। यहां सहकारी संस्था द्वारा मांगी गई बांधकाम मंजूरी नगर पंचायत ने आखिरकार रद्द कर दी है। साथ ही एक महीने के अंदर अनाधिकृत बांधकाम गिराकर शासकीय जगह खुला करने का पत्र यहां १४ सितंबर को सेवा संस्था को नगर पंचायत द्वारा दिया गया है।

गौरतलब है कि शहर के दुर्गा चौक में चल रहे सेवा सहकारी काम्प्लेक्स बांधकाम के लिए परवानगी पत्र संस्था द्वारा नगर पंचायत को १२-२-२०२१ को प्राप्त हुआ था। परन्तु सभासद अशोक गिरिपुंजे की बांधकाम शासकीय जगह पर होने की शिकायत के चलते संस्था को बांधकाम करने की अनुमति नहीं दी गई थी। साथ ही सदर बांधकाम तत्काल रोक देने के आदेश संस्था को नगर पंचायत ने दिए थे। ऐसे में बांधकाम निरंतर शुरु रहने की भी शिकायत शिकायतकर्ता द्वारा नगर पंचायत को प्राप्त हुई थी। जिसके चलते नगर पंचायत द्वारा संदर्भ क्रमांक २ के तहत शुरु बांधकाम रोकने के आदेश १०-९-२०२० को दोबारा से सेवा सहकारी संस्था को दिए गए थे।

इस बीच नगर पंचायत द्वारा इस प्रकरण की विस्तृत रुप से जांच कि गई। जिसमें संस्था को पत्र के माध्यम से बताया गया कि न.भु. क्र.१२६२ व शि.क्र.१९ पर बांधकाम शुरु है। जिसमें संस्था द्वारा सादर किया गया नक्शा ०.५ हेक्टर आर. का सादर किया गया है व मालमत्ते कार्ड में सदर जमीन ४४४.७ चौरस मीटर बताई है। जिसमें इस प्रकरण पर संस्था की कुछ गलतियां नजर आ रही है। जिसमें बांधकाम अनुमति मिलने से पहले ही यहां काम्प्लेक्स बांधकाम निरंतर शुरु है। प्रास्ताविक नक्शे में दिखाए गए बांधकाम व स्थित जगह पर शुरु बांधकाम में फर्क है। साथ ही मौके पर शुरु बांधकाम प्रास्ताविक नक्शा से अधिक है व क प्रत जांच में स्थित बांधकाम शासकीय जगह पर बता रहा है। ऐसे में इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए न.भ.क्र.१२६२ पर बांधकाम महाराष्ट्र नगर रचना अधिनियम १९६६ के कलम ५४, ५३ अनाधिकृत बांधकाम तत्काल रोकने साथ ही शासकीय जगह १ महीने के अंदर खाली करने के आदेश पत्र यहां नगर पंचायत ने संस्था को १४ सितंबर को दिया है। ऐसे में सेवा संस्था काम्प्लेक्स बांधकाम फिर विवादों में घिरते नजर आ रहा है।

### ज्युनियर जॉनी लीवर को नाना पटोले ने सम्मानित किया



तिरोडा - मूलत: तिरोडा निवासी तथा बीते अनेक वर्षों से मुम्बई की फिल्म नगरी में अपनी कला का जलवा बिखेरते हास्य कलाकार निर्मल गुनेरिया जो फिल्मी दुनिया में जॉनी निर्मल के नाम से जाने जाते है, शनिवार को तिरोडा में कॉंग्रेस पक्ष द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में पधारे। कॉंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले से मुलाकात की। इस अवसर पर नाना पटोले के हस्ते निर्मल गुनेरिया उर्फ जॉनी निर्मल को शॉल श्रीफल तथा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। अपने सम्मान के जवाब में निर्मल गुनेरिया ने नाना पटोले तथा तिरोडा की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। उपस्थितों के आग्रह पर जॉनी वाकर की हूबहू मिमिक्री करते हुए नाना पटोले समेत सभी उपस्थितों को खूब हंसाया।

## संजीव राय व उनके साथियों द्वारा विवाद व मारपीट कर मेरे पति पर

# लगाए बेबुनियाद आरोप- शारदा लिल्हारे

**संजीव राय अपने ऊपर हुए हमले का कर रहा झूठा प्रचार**



गोंदिया - गड्ढाटोली गोंदिया निवासी शारदा राधेश्याम (गंजू) लिल्हारे ने प्रेस पत्र के माध्यम से जानकारी दी कि गड्ढाटोली निवासी संजीव राय व उनके सहयोगियों द्वारा मेरे पति राधेश्याम (गंजू) लिल्हारे पर पुरानी रंजिश की वजह से हमला कर खुद ने विवाद किया। लेकिन उसके द्वारा स्वयं पर हमला होने का झूठा प्रचार किया जा रहा है। मामला इस प्रकार है कि २६ सितंबर २०२१ की रात मेरे पति खाना खाने के पश्चात टहलने के लिए गड्ढाटोली चौक पर निकले थे। जहां संजीव राय व उसके साथियों द्वारा पुराने विवाद को लेकर पहले विवाद व मारपीट की गई। फिर उसके कुछ समय पश्चात उसने अन्य ६-७ असामाजिक प्रवृत्ति के युवकों को भेजकर घर के बाहर मेरे पति को बुलाकर फिर से गालीगलौज करते हुए मारपीट कर आगे देख लेने की धमकी दी।

उपरोक्त घटना होने के पश्चात मेरे पति द्वारा इस मामले की जानकारी मेरे देवर अंगूर बगीचा निवासी संजय लिल्हारे को दी गई। जिसके आने के पश्चात मेरे पति व देवर संजीव राय के घर समझाने व बातचीत करने के लिए गए थे। किंतु वहां पर संजीव राय द्वारा फिर से विवाद करते हुए खुद ही अपने घर के कांच फोड़कर विवाद की स्थिति निर्माण करते हुए मेरे पति, देवर व बेटे पर झूठा आरोप लगाया। संजीव राय द्वारा पहले किए गए हमले की शिकायत मेरे पति द्वारा रामनगर पुलिस थाने में की थी। जहां रामनगर पुलिस द्वारा संजीव राय के खिलाफ अपराध क्रमांक ३६७ धारा १४३, १४७, १४९, ३२३, ५०६ के तहत भी मामला दर्ज किया गया था।

लेकिन शिकायत दर्ज कराने के दौरान संजीव राय ने वहां पहुंचकर राजनीतिक दबाव बनाते हुए मेरे पति को शिकायत दर्ज करवाने के दौरान ही पुलिस से गिरफ्तार करवाया। पुलिस द्वारा उपरोक्त मामले की गंभीरता से जांच न कर एक तरफा मेरे पति, पति के बड़े भाई, देवर व बेटे को आरोपी बनाया गया है, जो कि बेबुनियाद है। क्योंकि आगामी कुछ समय में नगर परिषद के होने वाले चुनाव को देखते हुए संजीव राय द्वारा सहानुभूति प्राप्त करने के लिए इस प्रकार के मनगढ़ंत व झूठे आरोप लगाकर हमें बदनाम कर रहा है। जबकि मुख्य आरोपी वह खुद होने के बावजूद आज खुलेआम घूम रहा है। जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्न निर्माण हो रहा है।

# नये मतदाता पंजीयन कार्य में सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले करें सहयोग - आरती जांगड़े

**संवाददाता देवरी –** जिले में स्थानीय जिला परिषद, पंचायत समिति व नगर पंचायत चुनाव की पार्श्वभूमी में मतदाता सूची बनाई जा रही है। जिसमें नए मतदाताओं के आवेदन स्वीकार करना शुरु हुआ है।

१ जनवरी २०२२ तक १८ वर्ष पूर्ण करने वाले नए मतदाताओं के आवेदन मतदाता के रुप में स्वीकार किए जाएंगे। जिसमें चिचगढ़ जिला परिषद क्षेत्र की सामाजिक कार्यकर्ता आरती जांगड़े द्वारा नए मतदाताओं को जिला परिषद पंचायत समिति नगर पंचायत चुनाव में मतदान का अवसर प्राप्त हो इसके लिए चिचगढ़ जिला परिषद स्कूल में आयोजित शिविर में ३५० तथा पालंदुर जमींदार के आंगनवाड़ी सेंटर पर २५८ नए मतदाताओं का एक ही दिन में पंजीयन किया गया।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिंटिंग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया, ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया ४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित। संपादक : संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र. ९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है ऐसा नहीं है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया।